# टीकमगढ़

नवभारत

भोपाल, सोमवार , 16 फरवरी 2026






### एक नजर में

## खुले में बिक रहे मांस पर पूर्ण प्रतिबंध

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रदेशभर में खुले में मांस विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किए जाने संबंधी जारी स्पष्ट दिशा-निर्देशों के अनुपालन में टीकमगढ़ पुलिस द्वारा सघन एवं सतत अभियान संचालित किया जा रहा है।**

पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्राधिकार में खुले में मांस विक्रय संबंधी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने तथा स्थानीय प्रशासन के समन्वय से कठोर एवं वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। इसी क्रम में दिनांक 13 फरवरी को मजना चौकी क्षेत्र में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक वीणा विश्वकर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम एवं स्थानीय ग्रामीण प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से कस्बा भ्रमण कर खुले में संचालित अंडा, मांस एवं मछली बाजार को तत्काल प्रभाव से हटवाया गया। शासन के निर्देशों का उल्लंघन न करने हेतु सख्त चेतावनी दी गई तथा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शासन के निर्देशों पालन सुनिश्चित किया जाएगा। खुले में मांस विक्रय अथवा अन्य प्रतिबंधित गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सच में भाजपा के हो जाएंगे नितेन्द्र राठौर ?

**मुख्यमंत्री की तारीफ के साथ बढ़ाई भाजपा नेताओं से करीबियां**

**भाजपा सरकार के खिलाफ अब मुखर नहीं होते नीटू भैया**

( आमिर खान )

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ। सियासत में कुछ भी संभव है। कब कौन किसका दोस्त और कब कौन किसका दुश्मन हो जाए। यह सियासी रण में जायज है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस से अलविदा कहकर इस पंक्ति को चरितार्थ किया था। उन्होंने बनी बनाई कांग्रेस की सरकार गिराई थी। इनके साथ जितने भी विधायक कांग्रेस छोड़ भाजपा में गए थे उन सबका मकसद उनके क्षेत्र का विकास था। अब इसी विकास के पायदान पर चल पड़े पृथ्वीपुर के विधायक नितेन्द्र सिंह राठौर भी भाजपा के होने वाले हैं। यह हम नहीं कह रहे, बल्कि उनकी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की जुबां पर इन दिनों यह शब्द गूंज रहे हैं। इस क्षेत्र के लोग कहते नजर आ रहे हैं कि नीटू भैया जल्दी भाजपा में जाएंगे। इस बात में कितनी दम है यह तो कांग्रेस विधायक नितेन्द्र सिंह और उनके समर्थक बता पाएंगे।**


### इस तस्वीर से चर्चा शुरू

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं



केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ उनके बेटे की शादी में शामिल होने के दौरान नितेन्द्र सिंह राठौर की एक तस्वीर सामने आई थी, जिस तस्वीर में शिवराज सिंह चौहान नितेन्द्र सिंह के कंधे पर हाथ रखे हुए हैं। इस तस्वीर के बाद लगातार नितेन्द्र सिंह राठौर भाजपा नेताओं के साथ देखे गए। इतना ही नहीं उन्होंने मुख्यमंत्री से क्षेत्र विकास के नाम पर मुलाकातें की, परन्तु अब इन मुलाकातों को उनके अपने कुछ समर्थक यह मान रहे हैं कि कांग्रेस विधायक नितेन्द्र सिंह राठौर भाजपा में जा रहे हैं।





कांग्रेस विधायक नितेन्द्र सिंह राठौर इन दिनों भाजपा नेताओं से अपनी करीबियां बढ़ाने में लगे हैं। पिछले 6 माह के अंदर यह देखने को मिला है कि वह मध्यप्रदेश के मुखिया मोहन यादव से कांग्रेस विधायक नितेन्द्र सिंह राठौर कई मुलाकातें कर चुके हैं। इतना ही नहीं कैबिनेट मिनिस्टर गोविन्द सिंह राजपूत कांग्रेस विधायक नितेन्द्र सिंह राठौर के रिश्तेदार भी हो चले हैं। कांग्रेस विधायक नितेन्द्र सिंह ने बीते दिनों पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल से भी एक विस्तृत बैठक को अंजाम दिया था। हालांकि इस बैठक को वह क्षेत्र विकास के लिए बताते दिखाई दिए थे। इन्हीं तस्वीरों ने उनके क्षेत्र में यह माहौल बना दिया है कि अब नितेन्द्र सिंह राठौर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो जाएंगे। इतना ही नहीं कई राजनैतिक पंडित तो यह भी कह रहे हैं कि नितेन्द्र सिंह राठौर अगला चुनाव भी भाजपा से लड़ेंगे। हालांकि इस बात की पुष्टि हम नहीं करते, परन्तु इन दिनों नितेन्द्र सिंह राठौर का रहन-सहन यह बता रहा है कि अंदरखाने कुछ तो चल रहा है।

कांग्रेस विधायक नितेन्द्र सिंह पहले भाजपा सरकार के खिलाफ बेहद मुखर हुआ करते थे, परन्तु कुछ दिनों से वह इस मुखरता से दूर दिखाई दे रहे हैं। पृथ्वीपुर क्षेत्र के कुछ मीडियार्मियों से चर्चा की तो उनका भी यही कहना है कि अब कांग्रेस विधायक भाजपा सरकार के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोलते, बल्कि तारीफें करते हैं।

### चुनाव के 6 माह पहले ज्वाइन करेंगे भाजपा

सूत्र बता रहे हैं कि कांग्रेस विधायक नितेन्द्र सिंह राठौर हाल में भाजपा ज्वाइन नहीं करने वाले हैं। यह तैयारी चुनाव के 6 माह पहले की है। विधानसभा चुनाव होने के ठीक 6 माह पहले वह कांग्रेस को अलविदा कहकर भाजपा ज्वाईन करने की तैयारी में हैं। अभी वह इसलिए अलग नहीं होंगे, क्योंकि फिर मामला बीमा की विधायक निर्मला सप्रे जैसा हो जाएगा। वहां की विधायक भले ही कांग्रेस से चुनी गई हों, लेकिन हाल में भाजपा में हैं। कांग्रेस उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग भी कर चुकी है। ऐसी स्थिति न बने इसलिए 6 माह पहले नितेन्द्र भाजपा ज्वाईन कर सकते हैं।

## टीकमगढ़ जिले की डायरी

### साहब का एक्शन : दो दिन में 129 राजस्व अभिलेख दुरुस्त

साहब का एक्शन दो दिन में 129 राजस्व अभिलेखों में सुधार . यह इसलिए हुआ क्योंकि साहब ने सुबह से देर रात तक जनसुनवाई लगाई और लोगों की राजस्व से जुड़ी समस्या का तत्काल मौके पर ही निराकरण किया। इतना ही नहीं फिल्मी अंदाज में साहब ने राजस्व अभिलेख में सुधार कराने की गुहार लेकर आए आवेदनकर्ताओं से कहा कि रुकना आप जाना नहीं आज ही मौके पर आपके आवेदन पर कार्यवाही करते हुए राजस्व अभिलेख सुधार कर आपके हाथ में आदेश दिया जाएगा फिर क्या था जब साहब ने ऐसा कह दिया हो तो उनके अधिनस्त भी पूरी ईमानदारी से कार्य में जुट गए और उन्होंने मेहनत कर दो दिन के अंदर 129 राजस्व अभिलेख में सुधार कर डाला। इसमें जानकारी के अनुसार मोहनगढ़ में आए 83 आवेदनों में से 52 का निराकरण हुआ तो वहीं दिगौड़ा तहसील में साहब ने अपने सामने 77 राजस्व अभिलेख दुरुस्त कराए और किसानों के हाथों में उनका आदेश थमा दिया। आदेश लेते ही किसानों के चेहरे खिल उठे।

### मोदी के मंत्री ने मिलाया मलिक से हाथ

मोदी के मंत्री के मिलाया मलिक से हाथ। हां आप सोच रहे होंगे कि मोदी के वह कौनसे मंत्री है जिन्होंने मलिक से हाथ मिला लिया। यह मंत्री जी वही है जो आम इंसान की तरह आज भी रहते हैं। इनका वह रूप भी दिखता है जब वह पंचर की दुकान पर पहुंकर साईकिल का पंचर बनाने लगते हैं। यह वही मंत्री है जो आम इंसान की तरह बाजार में निकलकर थेले को हाथ में लेकर सब्जियां खरीदते हैं। यह वही मंत्री है जो कभी किसी नाश्ते की दुकान पर जलेबी निकालते नजर आते हैं। अब मंत्री जी ने यहां जलेबी तो नहीं निकाली पर मलिक से हाथ मिला लिया। आप सोच रहे होंगे मलिक से हाथ क्यों मिलाया इसके पीछे का कारण क्या है। हां कारण तो है पर वह मलिक और मंत्री जी ही बता पाएंगे। क्योंकि एक सरकारी कार्यक्रम में यह दृश्य देख लोग तरह-तरह के क्यास लगा रहे हैं ?

### ...आखिर में बात भाजपा कार्यकारिणी की फर्जी सूची की .

...आखिर में बात कर लेते हैं भारतीय जनता पार्टी कार्यकारिणी की वायरल सूची की। यह सूची किसने वायरल की यह तो पता नहीं, पर इस सूची में नाम वही है, जिन नामों को कार्यकारिणी में लेने की चर्चा जोरों पर है। अब यह फर्जी सूची कहां से आई यह तो भाजपा जिलाध्यक्ष को भी पता नहीं। हां पर यह तो सच्चाई है कि वायरल सूची में सधे हुए नामों का अंकित होना यह बताता है कि सूची किसी भाजपाई ने ही वायरल कराई है।

**आमिर खान, दैनिक नवभारत**

# जतारा में नीम वाले बाबा का उर्स होगा, अध्यक्ष पद में फेरबदल



**नवभारत न्यूज जतारा। जतारा क्षेत्र में हज़रत नीम वाले बाबा उर्स एवं मेले को लेकर बैठक आयोजित की गई। जानकारी देते हुए संयोजक सुनील वंटू शर्मा ने बताया कि रविवार को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजन को लेकर एक बैठक आयोजित कि गई।**

बैठक में इस बार कमेंटी ने सहमति से हज़रत नीम वाले बाबा के उर्स कमेटी का हमीद खांन पप्पू को अध्यक्ष बनाया गया।

जिसमें सहमति देखाते हुए समाज के लोगों ने बाबा साहब के दरग़ाह पर पुष्प माल्यार्पण कर सभी ने गले मिलकर बधाई दी वहीं अध्यक्ष ने समाज के बीच बाबा साहब को नमन करते हुए कहा कि हम कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे वहीं हमीद खांन पप्पू के विचारों पर तालियों के माध्यम उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें गले मिलकर मुबारक बाद एवं बधाई दी वहीं बैठक में आगामी अप्रैल 21 , 22 तारिक को बाबा के दरबार में होने वाले मेले को लेकर विभिन्न प्रकार की बैठक के दौरान चर्चा की गई और रूप रेखा बनाई गई। इस दौरान लम्बक तिवारी, दीनदयाल चौबे, गोविंद राजपूत राजनगर मुहम्मद शमीम ठेकेदार, हामिद चौधरी पार्षद सलीम पाली पूर्व सरपंच पाली, मुहम्मद सिद्धक खान शाकिर काजी पत्रकार आदिम क़ादरी, रसीद मंसुरी, मुहम्मद नईम , मुफीद जागीरदार, फारुक अली, मुहम्मद अनीस शौफकजी, शंकर कांजी सम्यैद कलीम अली मुहम्मद आमिर, शेख़ इसरईल इस्सू टेलर्स, शेख अनवर मम्मा, इमरान अली, शेख सोनाऊल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## आज होगी संयुक्त कार्यालय में टीएल बैठक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टीएल की बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें अधिकारियों को द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।**

प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया जएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा होगी।

# 147 साल पुरानी इमारत का किया जाएगा जीर्णोद्धार

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। पुराने गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल की 147 साल पुरानी इमारत का जीर्णोद्धार किया जाएगा। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने इसके लिए 99 लाख रुपए का फंड जारी किया है। पीडब्ल्यूडी विभाग को इस प्राचीन इमारत की मरम्मत का जिम्मा सौंपा गया है।**

यह इमारत शहर के नजरबाग परिसर में स्थित है। इसका निर्माण 1877 में तत्कालीन राज परिवार ने महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कराया था। राजा वीर सिंह ने इस पहले गर्ल्स स्कूल का निर्माण करवाया था। लंबे समय तक शहर का गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल इसी बिल्डिंग में संचालित होता रहा। देखरेख के अभाव में इमारत धीरे-धीरे जर्जर होती चली गई। लगभग चार साल पहले गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल को यहां से स्थानांतरित कर दिया गया था।खाली होने के बाद से यह ऐतिहासिक इमारत खंडहर में बदलती जा रही थी।



## लाड़ली बहना योजना की किस्त आई

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिला खंडवा में आयोजित लाड़ली बहनों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रदेश की बहनों के खातों में एक करोड़ 25 लाख से अधिक पात्र बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की। इस दौरान जिले की 2 लाख पांच हजार से अधिक लाड़ली बहनों को कुल 302991900 रूपये राशि का वितरण किया गया।**

जिले की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर खंडवा में आयोजित लाड़ली बहनों के राज्य स्तरीय सम्मेलन कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया गया। लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 1500 रूपये मासिक आर्थिक सहायता राशि मिलने पर लाड़ली बहनों के चेहरों में खुशियों देखने को मिली।

# अमृत 2 .0 योजना से बनेगी पानी की टंकी हुआ भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में नगर पालिका परिषद द्वारा रविवार को अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत जिला जेल के सामने नई पानी की टंकी निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। टंकी जिले की सबसे बड़ी पेयजल टंकी बताई जा रही है। जिससे शहर की जल व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अमृत 2.0 योजना के तहत जिला जेल के सामने 2100 केएल क्षमता की विशाल पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा है।**




भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ वीरेंद्र कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से सदर विधायक यादवेंद्र सिंह कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, विधायक प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश मिश्रा, जलप्रदाय समिति प्रभारी अनीश खान सहित कई जनप्रतिनिधि एवं पार्षद मौजूद रहे। कार्यक्रम में पार्षद अभिषेक खरे, ब्रजकिशोर तिवारी, फरीद खान, ध्रुव यादव, रामकुमार यादव, अजय यादव, देवीलाल अहिरवार, राजीव बर्धमान एवं महेंद्र बड़ागांव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।


नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि अमृत 2.0 योजना के माध्यम से शहर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा और भविष्य में बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए जल संसाधनों का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना नगर पालिका की प्राथमिकता है। शहर में नगर पालिका परिषद द्वारा रविवार को अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत जिला जेल के सामने नई पानी की टंकी निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया।

# छिपरी गांव में लखबीर सिंह के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**लखबीर की प्रस्तुती सुनने उमड़ा जन-सैलाव**

**मातृधाम छिपरी में सात दिवसीय महोत्सव जारी**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मातृधाम छिपरी में सात दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव जारी है। समारोह के छठे दिन शनिवार रात प्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा ने अपनी प्रस्तुति दी। लखबीर सिंह की प्रस्तुतियों पर वहां मौजूद श्रद्धालु झूम उठे।**



बीती रात 8 बजे भजन सम्राट लखबीर सिंह लक्खा ने मातृधाम छिपरी में भजनों की प्रस्तुति दी। उनके भजनों पर श्रद्धालु भक्तिभाव में लीन हो गए। पंडाल जय माता दी और हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा। जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर भी कार्यक्रम में पहुंचीं। श्रीमद्भागवत कथा के दौरान व्यासपीठ से साध्वी पीताम्बरा ने जीवन में संतुलन बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि धर्म केवल बाहरी आचरण तक सीमित नहीं है, बल्कि घर-परिवार की जिम्मेदारियों के निर्वहन में भी निहित है।साध्वी ने जोर दिया कि यदि कोई व्यक्ति प्रतिदिन मंदिर जाता है, लेकिन अपने कर्तव्यों की उपेक्षा करता है, तो उसकी भक्ति अधूरी रह जाती है। सच्ची भक्ति जीवन के संतुलन, सेवा और उत्तरदायित्व में निहित है। महोत्सव में प्रतिदिन सुबह से वैदिक अनुष्ठान और महामृत्युंजय यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम में जतारा विधायक हरिशंकर खटीक और पूर्व विधायक राहुल लोधी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने संत श्री रविशंकर महाराज को सम्मानित किया। मातृधाम छिपरी में सात दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव जारी है। समारोह के छठे दिन शनिवार रात प्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा ने अपनी प्रस्तुति दी। रविवार रात इंडियन आइडल फेम पवनदीप राजन अपनी प्रस्तुति देंगे।उन्होंने कहा कि धर्म केवल बाहरी आचरण तक सीमित नहीं है, बल्कि घर-परिवार की जिम्मेदारियों के निर्वहन में भी निहित है।साध्वी ने जोर दिया कि यदि कोई व्यक्ति प्रतिदिन मंदिर जाता है, लेकिन अपने कर्तव्यों की उपेक्षा करता है, तो उसकी भक्ति अधूरी रह जाती है। सच्ची भक्ति जीवन के संतुलन, सेवा और उत्तरदायित्व में निहित है। महोत्सव में प्रतिदिन सुबह से वैदिक अनुष्ठान और महामृत्युंजय यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

**महाशिवरात्रि** | **महाशिवरात्रि पर चढ़ाया गया भोलेनाथ को जल**

# कुण्डेश्वर शिवधाम में उमड़ा हजारों श्रद्धालुओं सैलाब

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल शिव धाम कुंडेश्वर में रविवार सुबह 5 बजे से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। सुबह 11 बजे तक 5 हजार से अधिक श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने आए है ।**



मंदिर के पुजारी ने सुबह 4 बजे भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया। इसके बाद गर्भ गृह भक्तों के लिए खोल दिया गया। श्रद्धालुओं ने बम बम भोले के जयकारे लगाते हुए भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।गर्भ गृह शाम करीब 4 बजे तक भक्तों के लिए खुला रहेगा। इसके बाद गर्भ गृह बंद कर भगवान भोलेनाथ का आकर्षक दूल्हा रूप में श्रृंगार किया जाएगा।शाम 6 बजे ढोल नगाड़ों के साथ भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली जाएगी। नगर भ्रमण के बाद बारात वापस मंदिर पहुंचेगी, जहां भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की रस्में पूरी की जाएंगी। इसके साथ ही रात में मध्य प्रदेश संस्कृत विभाग की ओर से मेला ग्राउंड में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने बताया कि इन कार्यक्रमों में साक्षी पटेरिया अपनी टीम के साथ बुंदेली लोक गायन प्रस्तुती भी हुई। लखन लाल अहिरवार और साथी कलाकार सती लीला का मंचन करेंगे, जबकि सुभाषिनी जोशी अपने साथियों के साथ भक्ति गायन की प्रस्तुति दी। कुंडेश्वर में देर रात तक ये सांस्कृतिक कार्यक्रम चलेंगे। शिव धाम कुंडेश्वर के अलावा, टीकमगढ़ के प्राचीन नजर बाग मंदिर, महेंद्र सागर तालाब स्थित प्रतापेश्वर मंदिर, सिद्ध बाबा मंदिर, ब्राह्मण कॉलोनी स्थित जागेश्वर धाम मंदिर, सुभाष पुरम कॉलोनी स्थित गोलोक धाम मंदिर और सिविल लाइन रोड स्थित केदारनाथ शिवालय सहित जिले के सभी शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली जाएगी और रात में शिव-पार्वती विवाह महोत्सव का आयोजन होगा। महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल शिव धाम कुंडेश्वर में रविवार सुबह 5 बजे से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। सुबह 11 बजे तक 5 हजार से अधिक श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर चुके थे।

### साक्षी पटेरिया की टीम ने दी प्रस्तुति

कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने बताया कि इन कार्यक्रमों में साक्षी पटेरिया अपनी टीम के साथ बुंदेली लोक गायन प्रस्तुत करेंगी। लखन लाल अहिरवार और साथी कलाकार सती लीला का मंचन करेंगे, जबकि सुभाषिनी जोशी अपने साथियों के साथ भक्ति गायन की प्रस्तुति दी। बुन्देली कलाकारों के भजनों पर श्रद्धालु नाचते दिखाई दिए।

## महंत मनमोहनदास का 62 वर्ष में हुआ निधन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रसिद्ध सिद्ध खांद मंदिर के महंत मनमोहनदास महाराज का रविवार सुबह निधन हो गया। वे 62 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। ग्वालियर में उपचार कराने के बाद वे दो दिन पहले ही अपने आश्रम लौटे थे। उनके निधन की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में साधु-संत और श्रद्धालु अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े।**

लोगों ने बताया कि महंत मनमोहनदास महाराज का आध्यात्मिक सफर बचपन में ही शुरू हो गया था। मूल रूप से पास के श्रीनगर गांव के रहने वाले महंत जी ने महज 8 साल की उम्र में घर-परिवार का त्याग कर दिया था।उन्होंने सिद्ध खांद पहाड़ी की गुफा को अपना ठिकाना बनाया और करीब 56 वर्षों तक इसी निर्जन जंगल और पहाड़ी पर रहकर कठिन तपस्या की।

# फाइलेरिया रोगी सामूहिक दवा का सेवन

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोतिय के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी अनुरागी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिले के ब्लॉक पलेरा में 10 फरवरी से 24 फरवरी 2026 तक फाइलेरिया रोगी सामूहिक दवा सेवन एमडीए अभियान चलाया जा रहा है।**

इसीक्रम में 14 फरवरी से ब्लॉक पलेरा में घर-घर जाकर फाइलेरिया रोधी एल्बेंडाजोल और आईवरमेक्टिन दवा की एक खुराक का सेवन कराने के लिए आंगनवाड़ी, आशा, कार्यकर्ता और मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद और एनआरएलएम समूह के कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं। यह अभियान 20 फरवरी तक इसी तरह संचालित रहेगा और 21 फरवरी से 24 फरवरी तक अंतिम ध्तृतीय चरण में छूटे हुए लोगों को दवा खिलाने का कार्य कार्यकर्ताओं द्वारा किया जावेगा। दवा का सेवन खाली पेट नहीं करना है और इसे हमेशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता की मौजूदगी में ही लेना है। पलेरा ब्लॉक के समस्त निवासियों से अनुरोध है कि इस दवा का सेवन करने और समुदाय को सेवन कराने में तथा जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। भ्रांतियों से बचें यह दावा पूर्णत सुरक्षित है प्रमाणित है। कलेक्टर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी अनुरागी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिले के ब्लॉक पलेरा में 24 फरवरी तक फाइलेरिया रोधी सामूहिक दवा सेवन एमडी अभियान चलाया जा रहा है। इसीक्रम में घर-घर जाकर फाइलेरिया रोधी एल्बेंडाजोल और आईवरमेक्टिन दवा की एक खुराक का सेवन कराने के लिए आंगनवाड़ी, आशा, कार्यकर्ता और मध्य प्रदेश जन अभियान किया गया।